>

Title: Need to run weekly express train Una Himachal-Nanded Sahib from Una, Himachal Pradesh.

श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर, हि.प्र.): मैं रेल मंत्री महोदय के ध्यान में लाना चाहता हूं कि रेल बजट वर्ष 2013-14 में तत्कालीन रेल मंत्री ने ऊना-हिमाचल-नांदेड़ साहिब साप्ताहिक एक्सप्रेस गाड़ी चलाने की घोषणा की थी, परंतु 1 जुलाई, 2013 की नई समय सारिणी में उसे ऊना-हिमाचल प्रदेश की बजाये उसे नंगल डैम-पंजाब से चलाना घोषित किया गया है। हिमाचल प्रदेश शांति प्रिय है तथा केंद्र सरकार के इस प्रकार के निर्णय से हिमाचल प्रदेश के जनमानस, विशेषकर सिख समुदाय को काफी आघात पहंचा है। हिमाचल प्रदेश के हजारों सैनिक देश की सीमाओं पर देश की सुरक्षा में तैनात हैं। इससे उनका मनोबल भी गिरेगा। ऊना में सिख धर्म के प्रथम गुरू नानक देव जी से संबंधित गुरूद्वारा बाबा बेदी का किला स्थित है, जिसकी बहुत मान्यता है तथा धार्मिक दृष्टि से ऊना को नांदेड़ साहित से जोड़ने का औचित्य बनता है। अतः घोषित समय-सारिणी में संशोधन करके इस गाड़ी को ऊना से चलाया जाए। इसी रेल खंड पर अम्ब-अंदौरा रेलवे स्टेशन की लंबाई छोटी होने के कारण हिमाचल एक्सप्रेस के ए.सी. कोच एवं जनरल बोगियां प्लेटफार्म से बाहर रूकती हैं, जिसके कारण बच्चों, महिलाओं एवं वृद्धों को उतरने तथा चढ़ने में परेशानी होती है इसलिए रेलवे प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई जाए तथा अम्ब-अन्दौरा रेलवे स्टेशन पर रिजर्वेशन काउंटर स्थापित किया जाए और बसाल में डेरा बाबा रूद्रानंद के नाम से रेलवे स्टेशन की स्थापना की जाए।